National Physical Laboratory, New Delhi received burns in a fire that broke out in the heat and power section of the Laboratory; and

(b) if so, the cause of the fire?

The Minister of Scientific Research and Cultural Affairs (Shri Hamayun Kabir): (a) and (b). Yes, Sir. A Senior Laboratory Assistant of the Laboratory was setting up an experiment for calibration of pyrometer at low temperature. In this connection, he was preparing a low temperature bath with alcohol cooled by liquid air. During cooling and stirring, high static potential may have been generated and caused explosion and fire.

विदेश भेजे गये अनुसूचित जाति के विद्यार्थी

२१०२. श्री वीरप्पा : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मंत्रालय के अधीन योजनाओं के अन्तर्गत जनवरी, १९६० से जून, १९६३ तक अनुसूचित जाति के कितने हरिजन विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन के लिय विदेश भजा गया ; और

(ख) वे किन-किन देशों को भेजे गये हैं और प्रत्येक देश को कितने विद्यार्थी भेजे गये हैं ?

शिक्षा मंत्रालय के भारसाधक मंत्री (श्री हुमायून कबिर) : (क) चार ।

(ख) ब्रिटेन—२
अमरीका—२

दिल्ली के स्कूलों को मिले अनुदान

२१०३ { **श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :**
श्री प्र० र० चक्रवर्ती :

क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान २२ जून, १९६३ के 'नवभारत टाइम्स' में प्रकाशित उस समाचार की ओर गया है जिसमें यह बताया गया है कि दिल्ली के उच्च और उच्चतर विद्यालय कृत्रिम आंकड़े दिखा कर सरकार से अनुदान की वसूली करते हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या सारी बात की पूरी तरह से जांच करा कर एक विवरण सभा पटल पर रखा जायेगा ?

शिक्षा मंत्रालय के भारसाधक मंत्री (श्री हुमायून कबिर) : (क) जी, हां ।

(ख) यह समाचार, अनुदान के आधार के विषय में गलत सूचना और अनुत्तीर्ण छात्रों के अत्युक्तिपूर्ण आंकड़ों पर आधारित है ।

दिल्ली के स्कूलों में दाखिला

२१०४ { **श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :**
श्री प्र० र० चक्रवर्ती :

क्या शिक्षा मंत्री य बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान इस बात की ओर गया है कि दिल्ली के स्कूलों में दाखिले के लिये उन स्कूलों के प्रबन्धकों को दान देने वाले अभिभावकों के बच्चों के नाम अन्य लोगों के बच्चों की अपेक्षा आसानी से दर्ज किये जाते हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या इसके औचित्य पर विचार कर लिया गया है ; और

(ग) क्या यह सरकारी अनुमति से किया जाता है ?

शिक्षा मंत्रालय के भारसाधक मंत्री (श्री हुमायून कबिर) : (क) जी हां, ऐसी कुछ शिकायतें सरकार के ध्यान में आई हैं ।

(ख) जी हां ।

(ग) जी, नहीं ।